प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासोय योजना का किया लोकार्पण : योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर 72 परिवारों को दिये फ्लैट के आवंटन पत्र।
2. मिर्जापुर जिले के चुनार रेलवे स्टेशन पर आज सुबह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 6 लोगों की मौत : राज्य सरकार देगी मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये का मुआवजा।
3. 8 से 11 नवम्बर के बीच ऑनलाइन पोर्टल के क्लाउड सर्वर को बदलेगा स्टाम्प और पंजीयन विभाग : राज्यभर के उपनिबंधक कार्यालयों में 4 दिन नहीं होंगे सम्पत्ति रजिस्ट्री के काम। और
4. प्रदेशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाई जा रही है देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देव जयंती।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री योगी ने योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र प्रदान किये। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकासोन्मुखी सोच को ध्यान में रखते हुए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आवास उपब्ध करा रही है। श्री योगी ने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के जरिये राज्य में अब तक 60 लाख जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराये गये हैं। बाइट......

*आज कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व है और इस पर्व पर मुझे लखनऊ में जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के अनुरूप एक–एक आवास उपलब्ध करवाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। मैं प्रदेशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा की और आवास प्राप्त करने वाले सभी उत्तर प्रदेश के नागरिकों को हृदय से बधाई देता हूं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अवैध कब्जादारों से जमीन मुक्त कराकर गरीबों के लिये मकान बना रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 8 हजार लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें 5 हजार 7 सौ आवेदक आवास के लिये पात्र पाये गये। एलडीए जल्द योजना बनाकर जरूरतमंदों को आवास मुहैया करायेगी।

———————

मिर्जापुर जिले के चुनार रेलवे स्टेशन पर आज सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय कालका–हावड़ा मेल ट्रेन की चपेट में आने से 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। ज़िला मजिस्ट्रेट पवन कुमार गंगवार ने दुर्घटना के बारे में बताया......

*यह आज सुबह लगभग 9.30 के करीब की घटना है। पैसेंजर ट्रेन से गंगा स्नान के उद्देश्य से कुछ लोग आ रहे थे तो वह प्लेटफार्म की तरफ ना उतर करके रॉन्ग साइड में उतर गए और दूसरी तरफ से एक दूसरी ट्रेन आ रही थी जिसकी चपेट में आ गई जिसका स्टॉप यहां नहीं था। तो चपेट में आने से छह लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। उसमें एक सोनभद्र की है और पांच यहां मिर्जापुर जनपद के निवासी हैं। घायल नहीं है। छह लोग हैं जो ट्रेन की चपेट में आए थे जिनकी उनकी डेथ हो गई है।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और स्थानीय सांसद तथा केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने हादसे पर शोक जताया है। इस बीच राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये मुआवजे के रूप में देने की घोषणा भी की।

———————

प्रदेश के सभी उप निबंधक कार्यालयों में आगामी 10 और 11 नवम्बर को सम्पत्ति रजिस्ट्री के कार्य नहीं होंगे। इस दौरान स्टाम्प और पंजीयन विभाग अपने ऑनलाइन पोर्टल के लिये क्लाउड सर्वर को बदलने जा रहा है। आठ और नौ नवम्बर को दूसरे शनिवार और रविवार अवकाश के बाद सोमवार–मंगलवार को उपनिबंधक कार्यालय तो खुलेंगे लेकिन आमजन के काम नहीं होंगे। महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने इस सिलसिले में संबंधित अधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया है।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 सितंबर को शुरू जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के लोगों को फायदा मिल

रहा है। कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कमी किये जाने के बाद खाद्य पदार्थों के क्षत्र में भी लागू नई जीएसटी दरें आम लोगों के लिए मददगार साबित हो रही हैं। एक रिपोर्ट.....

*जीएसटी सुधारो के तहत अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, पनीर, पिज़्ज़ा ब्रेड और पराठे पर जीएसटी कर शून्य कर दिया गया है, साथ ही नमकीन, भुजिया, मिक्सर, पीने का पानी सॉस और रिफाइंड चीनी जैसे डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो सहित सभी वस्तुओं पर भी कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जीएसटी करो में इस कमी से घरेलू खर्च के साथ ही लागत कम होने और उत्पादन मात्रा बढ़ाने में मदद मिली है। इस कदम से न केवल उपभोक्ताओं को बल्कि खाद्य प्रसंस्करण मूल्य श्रृंखला के प्रत्येक हितधारक जैसे किसान सहकारी समितियां एमएसएमई खुदरा विक्रेता और निर्यातक को भी लाभ हो रहा है। रिशु जायसवाल के साथ, दृष्टि पुनियानी, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रदेशभर में आज कर्तिक पूर्णिमा, गुरूनानक देव जयंती और देव दीपावली आस्था और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। कार्तिक पूर्णिमा पर लोग नदियों में स्नान कर पूजा अर्चना और दान पुण्य कर रहे हैं। लखनऊ, हापुड़, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर, जौनपुर, उन्नाव, बाराबंकी, कानपुर हमीरपुर, बुलंदशहर, बदायूं, और गोरखपुर सहित सभी जिलों में पवित्र नदियों के तटों पर मेले लगे हुए हैं। इस अवसर पर प्रभुश्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा हुआ है। लाखों श्रद्धाल, सरयू तट धार्मिक अनुष्ठान पूरे कर रहे हैं। एक रिपोर्ट......

*आज अयोध्या के कार्तिक पूर्णिमा मेले के मुख्य स्नान में लाखों श्रद्धालुओ ने पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाकर डेढ़ किलोमीटर लम्बे सरयू तट पर धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण किये और नागेश्वर नाथ, कनक भवन, हनुमान गढ़ी, राम जन्मभूमि और श्री राम बल्लभा कुञ्ज में पूजा–अर्चना की। भीड़ के चलते दर्शनार्थियों को जत्थों में छोड़ा गया। अयोध्या में धार्मिक जयघोष, हवन–पूजन और प्रवचन से वातावरण भक्तिमय रहा। इस बीच माह भर से ठहरे कल्पवासियों का लौटना शुरू हो गया। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने शंखासुर के बध के बाद वेदों का पुनर्गठन आज ही किया था, इसी प्रसन्नता से सभी मंदिरों में देव दीपावली मनाई गई और सरयू मां की फूल बंगले की झांकी के साथ महाआरती हुई, जहां दीपदान से प्रा तट आलोकित हो उठा। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

गोरखपुर में राप्ती नदी के किनारे सवा लाख से अधिक दीपों को प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल, जिलाधिकारी और महापौर मौजूद थे। लोगों को संबोधित करते हुए श्रीपाल ने

कहा कि भारतीय परम्परा समाज के सभी वर्गो को एक साथ मिलजुल कर रहने का संदेश देती है।

वहीं अमरोहा में गंगाधाम तिगरी में जारी कार्तिक पूर्णिमा मेले का मुख्य उत्सव पारम्पिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

——————————

काशी में ऐतिहासिक परम्परा वाली देव दीपावली मनाने के लिये लाखों श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। देव दीपावली में शामिल होने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वाराणसी पहुंचे हैं। एक रिपोर्ट.....

*काशी में देव दीपावली के अवसर पर मां गंगा के किनारे अर्द्धचंद्राकार में चमकते–दमकते घाटों की कतारबद्ध श्रंखला घाटों पर झिलमिलाती असंख्य दीयों में टिमटिमाती रोशनी की मालाएं, और आकर्षक आतिशबाजी की चकाचौंध की दीवाली का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। काशी के इस विश्वविख्यात उत्सव की थीम इस वर्ष ऑपरेशन सिंदूर और जाति–पंथ अनेक, हम सनातनी एक रखी गई थी। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था के साथ सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति भी है। महोत्सव में इस वर्ष 25 लाख दिए जिसमें 10 लाख सरकार की ओर से और 15 लाख जन सहभागिता से दीप प्रज्ज्वलित किए गए। लेजर शो के माध्यम से अलग–अलग थीम पर शो का भी प्रदर्शन चेत  सिंह किला घाट पर अलग–अलग समय हुआ। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

——————————

सिख धर्म के प्रवर्तक गुरुनानक देव की 556वीं जयंती गुरुपर्व के रूप में आज प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के

साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह का संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि गुरुनानक देव उच्चकोटि के आध्यत्मिक महापुरूष थे। उनका जीवन दर्शन हमारे जीवन और समाज को हमेशा दिशा और ऊर्जा प्रदान करता रहेगा। जिन्होंने 5 सौ साल पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वहीं आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। बाइट.....

*गुरु नानक देव जी ने जाति–पाति के भेद को समाप्त किया था। गुरु नानक देव जी ने मिल–बांट करके समाज के संगठन को मजबूती प्रदान करने की प्रेरणा दी थी और मैं खास तौर पर लखनऊ के अपने जितने भी सिख बंधु हैं वे जाएं लखीमपुर खीरी में, पीलीभीत में, रामपुर में, सांझापुर में, उधम सिंह नगर में जाएं अगर कहीं कोई खामी है उसको दूर करें। सबको जोड़ें एकजुट होकर के जो सिख गुरुओं का आदेश है उसको हमें अगर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना है तो गुरु परंपरा के अनुसार अपने संस्था और संगठन को भी उतना ही सशक्त बनाना होगा।*

इस अवसर पर लखनऊ सहित प्रदेशभर के गुरुद्वारों को आकर्षण ढंग से सजाया गया है। गुरुद्वारों में सुबह से ही शबद कीर्तन और लंगर का क्रम जारी है।

——————————

रेल यात्रियों की सुविधा के लिये भारतीय रेलवे ने आधिकारिक मोबाइल ऐप रेल–वन लांच कर दिया है। यह ऐप रेलवे की कई सेवाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर मुहैया करायेगा। इसके जरिये लोग आरक्षित, अनारक्षित,

प्लेटफार्म और सीजन टिकट आसानी से बुक कर सकेंगे। इसके अलावा शिकायत निवारण तक की सभी सुविधाएं इस ऐप के जरिये मिल सकेंगी।

(समाप्त)